
हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 रामनवमी पर नगर में निकाली भगवान...



12 सर्व कुर्मी समाज ने नवनिर्वाचित राज्यसभा...





## घायलों की जान बचाएंगे यातायात पुलिस मितान, सीपीआर प्रशिक्षण से किया गया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस मितानों का जिला स्तरीय सम्मेलन रविवार को पुलिस कम्युनिटी हॉल, बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 यातायात पुलिस मितानों ने भाग लिया।

सम्मेलन में सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता को और प्रभावी बनाने डॉ. बलराम श्रीवास एवं उनकी प्रशिक्षित टीम द्वारा मितानों को त्वरित चिकित्सीय सहायता (सीपीआर) देने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि दुर्घटना के बाद प्रारंभिक क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और घटनास्थल पर ही यदि घायल को तुरंत प्राथमिक उपचार मिल जाए, तो उसके जीवन को बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति के लिए हर क्षण कीमती होता है। ऐसे में यातायात पुलिस मितान सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाले महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने मितानों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर गंभीर परिस्थितियों में सीपीआर के माध्यम से घायलों की मदद करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहू सहित यातायात पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन




### मितान अपने क्षेत्र में निभाते सक्रिय भूमिका

गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने, उन्हें शीघ्र अस्पताल पहुंचाने एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने वाले जागरूक नागरिकों को पुलिस विभाग द्वारा यातायात पुलिस मितान के रूप में जोड़ा गया है। ये मितान लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अमूल्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 120 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**खरोरा।** थाना खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिचोली स्थित यादव चिकन एवं मछली सेंटर की दुकान में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। 29 मार्च को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की ग्राम चिचोली स्थित यादव चिकन एवं मछली सेंटर में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर नवागांव निवासी 19 वर्षीय ईश्वर उर्फ बिड़ू पिता टेकराम टंडन को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दुकान से अवैध रूप से शराब बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी की दुकान की तलाशी लेने पर एक बोरी में 120 पौवा देशी मदिरा (मसाला शोले) बरामद हुई। आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### भंडार क्रय नियम का पालन नहीं करने पर सीएमओ और इंजीनियर निलंबित

**भाटापारा।** प्रदेश शासन ने भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व पूर्व पदस्थ एक इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उक्त संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपसचिव के आदेश से जारी प्रपत्र में कहा गया है कि 14वें वित्त आयोग एवं टाईड ग्राण्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद अंतर्गत 3 कार्यों के लिए भंडार क्रय नियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा गत वर्ष 29 अगस्त में 119.50 लाख की राशि तथा 97.69 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिस पर पालिका अधिकारी जफर खान ने ब्रिड निविदा जारी करने के पूर्व सक्षम स्वीकृति नहीं ली, जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्रेसिडेंट- इन-कौंसिल के काम काज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 1998 यथा संशोधित 2022 में दी गई व्यवस्था का पालन नहीं करने की परिधी में आता है। सक्षम प्राधिकारी के बिना अनुमोदन जेम के माध्यम से ब्रिड की कार्यवाही करना शासन के दिशा निर्देशों, भंडार क्रय नियम के विपरित है। इसके लिए भाटापारा में पदस्थ सीएमओ जफर खान एवं तत्कालिन उप अभियंता कमलेश साहू को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में जफर खान व कमलेश साहू को नगरीय निकाय के क्षेत्रिय कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है। इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### भगवान परशुराम जयंती मनाने ब्राह्मण समाज की बैठक



**पलारी।** भगवान परशुरामजी जयंती 19 अप्रैल को लेकर पलारी ब्राह्मण सामाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित है, जिसकी रूप रेखा ब्राह्मण सामाज पलारी कि बैठक में अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा उपस्थित तय की गई। इस अवसर पर विप्र सामाज के अनुरुद्ध मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, धीरज मिश्रा, शेखराम शर्मा, विनय शर्मा,सत्यनारायण शर्मा, यशप्रभा पाण्डेय, रोशनी शर्मा, ईश्वरी तिवारी, राहुल कुमार पाण्डेय, कैलाश ▶▶ शेष पेज 11 पर


## पहल : दो चरणों में 34 हिरणों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया सुरक्षित

# बारनवापारा अभ्यारण्य में काले हिरणों का वैज्ञानिक पद्धति से पुनः स्थापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में काले हिरणों को प्राकृतिक आवास में स्वछन्द विचरण हेतु छोड़ा गया। अभयारण्य स्थित ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर से कुल 34 काले हिरणों को वैज्ञानिक पद्धति से दो चरणों में सफलतापूर्वक उनके प्राकृतिक आवास में मुक्त किया गया। इस वर्ष 60 ब्लैकबक पुनः स्थापना का लक्ष्य है। ब्लैकबक स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी तरह से वैज्ञानिक तकनीकों का पालन करते हुए निष्पादित किया गया, जिससे बिना किसी व्यवधान के ही हिरणों को वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।उल्लेखनीय है कि बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में काले हिरणों का संरक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडे के मार्गदर्शन, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सतोविशा समझदार के कुशल नेतृत्व में तथा वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के द्वारा सक्रिय प्रयास किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण संरक्षण अभियान के दौरान अधीक्षक बारनवापारा कृषाणु चंद्राकर, परिक्षेत्र अधिकारी कविता ठाकुर, सूर्यप्रकाश जाधव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरव मेहरा, पशु चिकित्सक जयकिशोर जड़िया सहित बारनवापारा अभयारण्य के समस्त स्टाफ मौजूद थे।

### रामपुर ग्रासलैंड में काले हिरणों की वापसी, पारिस्थितिकी तंत्र को मिलेगा नया जीवन



### वन विभाग करेगा निरंतर निगरानी

छोड़े गए हिरण रामपुर ग्रासलैंड में निवासरत काले हिरणों से जाकर मिल गए। अधिकारियों ने बताया कि काले हिरणों के इस नए समूह से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और वन विभाग आने वाले दिनों में इनकी निरंतर निगरानी करेगा। काले हिरण जो एक समय छत्तीसगढ़ की धरती से विलुप्त हो गए थे, इस पुनः स्थापन के प्रयास से अब अपने प्राकृतिक आवास में कुलांचे भरेंगे।

## शादी का झांसा देकर मुकरा प्रेमी, युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शादी का झांसा देकर प्रेम संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने से क्षुब्ध होकर एक युवती द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बलौदा (हसुवा) निवासी आरोपी अजय टंडन 31 वर्ष का मृतिका के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। आरोपी ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर विश्वास में लिया था।

- गिरफ्तार आरोपी जेल दाखिल

25 जनवरी को युवती ने आरोपी अजय को अपने घर ग्राम गिरौदपुरी बुलाया और शादी करने का दबाव बनाया। आरोपी द्वारा शादी से साफ इनकार करने पर युवती ने आवेश में आकर अपने हाथ की कलाई काट ली और कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के वक्त आरोपी मदद करने के बजाय मौके से फरार हो गया। परिजनों ▶▶ शेष पेज 11 पर

### धारा 108 के तहत मामला दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने मर्ग जांच शुरू की। गवाहों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी अजय टंडन को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए थे और बाद में मना कर दिया था, जिससे आहत होकर युवती ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने 30 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## नशे में मिले 6 चालकों पर की कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन की तैयारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकाबंदी कर आकस्मिक सघन चेकिंग की गई। नाकाबंदी में अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थों, अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों की घरपकड़ की जा रही है। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की भी चेकिंग की गई।

इस दौरान 6 लोगों को शराब पीकर वाहन चालन पकड़ा गया, जिनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले पकड़े गए, सभी वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है।

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 225 लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

नाकाबंदी अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 225 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते 5 व्यक्तियों को भी पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस टीम ने आकस्मिक चेकिंग ▶▶ शेष पेज 11 पर

### यातायात उल्लंघन 225 पर कार्रवाई

इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों एवं लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में 6 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जो कि शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पाए गए। इन सभी के वाहन जब्त कर लिया गया है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इनके वाहन चालन लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 225 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### 20 स्थानों पर नाकाबंदी कर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिल पुलिस द्वारा 29 मार्च को सायं 5 से रात्रि 8 तक जिले के 20 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के बलौदाबाजार शहर, पलारी, लवन, भाटापारा शहर, सिमगा, ग्राम सुहेला, हथबंद, कसडोल, गिधौरी, सोनाखान, गिधपुरी, करहीबाजार एवं ग्राम बया सहित विभिन्न स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

## जिले में महावीर जयंती पर जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जयंती का पर्व नगर में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भगवान महावीर का विधि-विधान से कलश एवं शांतिधारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शांतिधारा करने का सौभाग्य धनप्रसाद अनुराग जैन परिवार को प्राप्त हुआ, वहीं भगवान के प्रथम कलश का सौभाग्य महावीर प्रसाद सुजल जैन परिवार को मिला।

इसके पश्चात समाज द्वारा नवनिर्मित जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांधी चौक, दुर्गा चौक, बजरंग चौक एवं नेहरू चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न समाजों के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।

दोपहर में महावीर चौक में जैन समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया। वहीं शाम के समय पांडुशिला में भगवान महावीर का अभिषेक हुआ तथा रात्रि में त्रिशला नंदन महिला ग्रुप द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर्व के अवसर पर समाज की समस्त प्रतिष्ठान बंद रखकर भगवान महावीर के प्रति आस्था एवं श्रद्धा व्यक्त की गई।



## अवैध रूप से संचालित चिमनी भट्टी की 10 लाख से अधिक ईंटें जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध ईंट भट्ठा संचालन की जांच एवं कार्रवाई राजस्व टीम द्वारा की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम धमनी में अवैध रूप से संचालित चिमनी लाल ईंट भट्ठी से 10 लाख 30 हजार ईंट जब्त की गई।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार पलारी के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने ग्राम धमनी में अवैध रूप से संचालित चिमनी लाल ईंट भट्ठी से 905000 पक्का ईंट एवं 125000 कच्चा ईंट जब्त कर ईंट भट्ठा संचालक के सुपुर्द कर कार्रवाई की है। अवैध ईंट भट्ठा संचालन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसीलों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच में अनियमितता पाए जाने पर ईंटों की जब्ती एवं कार्रवाई की जा रही है।

### सीमा निषाद और अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सिमगा का बढ़ाया मान

## किक बॉक्सिंग में छग को मिला 4 स्वर्ण, 2 रजत और 7 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सिमगा क्षेत्र के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया अस्मिता नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिमगा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को 4 स्वर्ण 2 रजत व 7 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। जिसमें बलौदाबाज़ार जिले के सिमगा क्षेत्र के खिलाड़ी सीमा निषाद ने (-45 किग्रा, प्वाइंट फाइट) वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, शैली यादव ने (-28 किग्रा, प्वाइंट फाइट) वर्ग में रजत पदक, तथा अक्षरा गुप्ता ने (-37 किग्रा, प्वाइंट फाइट) वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा आन्या मानिकपुरी एवं आरुषि देवांगन ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि नियमित प्रयास करने के कारण उन्हें इस स्तर तक पहुंचने में सफलता प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 मार्च 2026 से 29 मार्च तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 944 महिला खिलाड़ी शामिल हुईं, जहां यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम की ओर से कुल 26 महिला खिलाड़ियों सहित 2 कोच, 2 रेफरी एवं 1 ऑफिशियल ने सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ टीम के साथ कोच के रूप में अमन सोनी एवं सरवर इक्का ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। वहीं, रेफरी के रूप में प्रभात साहू एवं आकाश गुरुदीवान तथा ऑफिशियल के रूप में तारकेश मिश्रा ने अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन किया। नगर वासियों ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।



## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता को दी गई विदाई

**अरंड (पिथौरा)।** विकासखंड पिथौरा के शासकीय हाईस्कूल अरंड में हिंदी व्याख्याता देउक राम ध्रुव को अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एनपी तिवारी, पूर्व प्राचार्य एसएस मिश्रा व सोनसाय पटेल, संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन एवं विद्यालय स्टाफ पीके कर व्याख्याता, लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल, नाथूराम साहू एवं गेंदराम में विश्वकर्मा उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त व्याख्याता देउक राम ध्रुव की दीर्घकालिक सेवा व उनके सादगी जीवन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना किए।



### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वां ऐपिसोड का प्रसारण स्थानीय सर्किट हाऊस में देखा गया। इस इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हरेंद्र प्रताप सिंह नई दिल्ली, राष्ट्रीय हिन्दु वाहिनी छग प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे रायपुर, नपा उपाध्यक्ष व वाहिनी के प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजू चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू मौजूद रहे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में सारिका यादव बूथ अध्यक्ष के यहां भी मन की बात सुनी गयी। जहां पर भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी परिवारों को मिल रही आधारभूत सुविधाएं

## पक्की सड़कें, नल जल, विद्युत सुविधा से कमार डेरा में आई नई खुशहाली, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे उनका हक भी मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लोग गांव और शहरों की मुख्य बसाहटों से दूर छोटे-छोटे डेरों में रहते थे। ऐसे में पक्की सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की स्थिति में इनका जीवन पूरी तरह जंगल और मजदूरी पर निर्भर था। वनोपज संग्रह, बांस के सामान बनाना और पारंपरिक खेती ही इनके जीविकोपार्जन के साधन थे।

मुख्यधारा से दूरी के कारण इनकी बड़ी आबादी शासकीय योजनाओं के लाभ से भी वंचित थी। अधिकांश लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता या आयुष्मान कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थे। आदिम जाति अनुसंधान केंद्र के आधारभूत सर्वेक्षण 2015-16 के आधार पर महासमुंद जिले में इनका सर्वे कार्य किया गया था जिसके आधार पर वर्तमान में कुल 923 कमार परिवार में कुल जनसंख्या 3309 है, जिनमें पुरुष जनसंख्या 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। सर्वे के अनुसार महासमुंद विकासखंड में 41 ग्राम, बागबाहरा विकासखंड में 33 ग्राम एवं पिथौरा विकासखंड में 2 ग्राम कुल 76 ग्राम में कमार परिवार निवासरत है।




जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुरू हुई प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना पीव्हीटीजी समुदाय के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को गंभीरता से लागू करते हुए सबसे पहले कमार जनजाति के हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया। जिससे जिले के 26 सड़क विहीन बसाहटों में पक्की सड़कों का निर्माण किया गया है। इससे दूर-दराज के डेरों का संपर्क मुख्य गांवों और शहरों से जुड़ने लगा। नल-जल योजना के माध्यम से सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिन घरों में कभी अंधेरा रहता था, वहां अब बिजली पहुंच चुकी है, अब बच्चे रात में भी पढ़ाई कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 678 कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण हुआ, जिससे इन परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला। बहुद्देशीय केंद्रों की स्थापना से एक ही स्थान पर आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका से जुड़ी गतिविधियां शुरू हुईं, जिससे महिलाओं और बच्चों को विशेष लाभ मिला। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अब सीधे इन बस्तियों तक पहुंच रही हैं, जिससे इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता।

## ट्रेनिंग : देश में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना

# फील्ड में जाकर जनगणना कार्य का दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनगणना कार्य का प्रथम चरण जिले में 1 से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी ली जाएगी। चूंकि जनगणना कार्य डिजिटल रूप में पहली बार होने वाली है, इसलिए प्रगणकों को इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे की उपस्थिति में प्रगणकों को प्रशिक्षण देने वाले फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत बसना में आयोजित किया गया। जिसमें सरायपाली, बसना और पिथौरा के कुल 23 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस उद्घाटन अवसर पर एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा ने फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा हर शंका का समाधान मास्टर ट्रेनर से पूछकर अवश्य करें।



प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी तथा नसीब खान द्वारा सभी फील्ड ट्रेनर्स को बसना नगर के वार्ड नंबर एक तथा ग्राम खेमड़ा ले जाकर जनगणना कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रत्येक फील्ड ट्रेनर्स द्वारा दस से पंद्रह घरों में जाकर वांछित प्रश्नों के उत्तर पूछकर मोबाइल एप द्वारा प्रविष्टि किया गया। इसमें आवास, आवास सह अन्य उपयोग, दुकान, कार्यालय, खाली मकान आदि विभिन्न इकाइयों का मकानसूचीकरण किस प्रकार की जाएगी, इसकी विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा मौके पर व्यवहारिक रूप से दिया गया। इस दौरान तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, सीएमओ नगर पंचायत बसना सूरज कुमार सिदार तथा उनके कार्यालयीन स्टाफ भी सहयोग के लिए उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फील्ड ट्रेनर्स द्वारा अब अपने अपने नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को अप्रैल महीने में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कबीरपंथी समाज ने बैठक में की कई मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को स्थानीय कबीर आश्रम रायपुर रोड में सर्व कबीरपंथी समाज की बैठक हुई। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, महासमुंद ब्लाक एवं गरियाबंद जिले से समाज सेवी पदाधिकारीगण एवं बुद्धिजीवी संत समाज की उपस्थिति रही।

बैठक का एजेंडा वर्तमान परिवेश में समाज का बिखराव, खान-पान, रहन-सहन, बच्चों में संस्कार, शिक्षा, सामाजिक एकता एवं विस्तार, मत-मतांतर, रूढ़िवाद, आडंबर, मन वचन कर्म की शुद्धता, मानव चेतना का विकास आदि विषयों पर उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संत समाज द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। जिससे समाज में परिवर्तन एवं नैतिक मूल्य का विकास हो। साथ ही यह भी कहा गया कि कबीर जयंती उत्सव में राज्य शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया जाए यह मांग करने का विचार सर्व कबीर पंथ समाज ने की। संतों की कोई जाति नहीं होती, संत वह है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चले अज्ञान से ज्ञान की ओर ले चले, हमें जीने की राह दिखाएं। आज समाज भगवान को मानते हैं, पर भगवान का नहीं मानते यह चिंता का विषय है। कार्यक्रम में प्रमुख सदस्य रोशन लाल साहू कबीरपंथ साहू समाज उपाध्यक्ष प्रदेश, नंद साहू, गुहान साहू, युवराज साहू, सरोज साहू, गौतम दास मानिकपुरी, कुमारी साहू, रामकुमार, नाथूराम साहू, मानिक साहू, उत्तम कुमार, ब्रिजलाल साव आदि मौजूद थे।

# दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चन्द्राकर ने अपने प्रभार जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल प्रांगण में पार्टी का झंडा फहराया गया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का आरंभ किया गया।



निगम अध्यक्ष ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को जगाकर, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। यह प्रशिक्षण संगठन को मजबूत बनाने, राष्ट्रवादी विचारधारा को फैलाने और युवाओं में सेवा भाव व नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आज हम यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत एकत्रित हुए हैं। दीनदयाल का जीवन राष्ट्र समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। उनका मूल मंत्र था- अंत्योदय अर्थात समाज के सबसे गरीब और अंतिम व्यक्ति का उत्थान। जब तक विकास की किरण उस अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तब तक हमारा उद्देश्य अधूरा है। इस दौरान महासमुंद के वरिष्ठ भाजपा नेता माधवराव टांकसाले, महासमुंद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, द्वारका प्रसाद साहू जिला महामंत्री, रामनारायण देवांगन जिला मंत्री, युवराज शरण सिंह जिला सभापति, टीकाराम जायसवाल सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संतोष कुमार साहू झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संजू साहू जिला महामंत्री युवा मोर्चा, प्रहलाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, हेतराम साहू महामंत्री मंडल बिलाईगढ़, उमाशंकर साहू सरपंच ग्राम पंचायत गोविंदवन, राधा राकेश मंडल अध्यक्ष बिलाईगढ़, अनूप बाई जयसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष बिलाईगढ़ व स्थानीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले में राजस्व पखवाड़ा की शुरूआत एक से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु माह अप्रैल से जून तक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आयोजन हेतु स्थान व तिथि निर्धारित की गई है। 1 अप्रैल से शिविर आयोजन शुरू होगा।

जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अर्जुनी, लवन अंतर्गत ग्राम पनगांव, पलारी अंतर्गत ग्राम जारा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम लेवई, सिमगा अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा, सुहेला अंतर्गत ग्राम जांगड़ा, कसडोल अंतर्गत ग्राम हटोद,टुण्डरा अंतर्गत ग्राम बलौदा, सोनाखान अंतर्गत ग्राम बार में शिविर आयोजित होगा। 2 अप्रैल को बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम रिसदा, लवन अंतर्गत ग्राम लाहौद, पलारी अंतर्गत ग्राम गाड़ाभाठा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम अमलीडीह, कसडोल अंतर्गत ग्राम असनींद, 6 अप्रैल को तहसील लवन अंतर्गत ग्राम बिटकुली, पलारी अंतर्गत ग्राम चुचरुंगपुर, भाटापारा अंतर्गत ग्राम दतरेंगी, कसडोल अंतर्गत ग्राम कसडोल, 7 अप्रैल को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम करमदा, लवन अंतर्गत ग्राम खैदा (ड़), पलारी अंतर्गत ग्राम दतान(प), भाटापारा अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा, कसडोल अंतर्गत ग्राम सेमरिया, टुण्डरा अंतर्गत ग्राम घटमड़वा, सोनाखान अंतर्गत ग्राम मुड़पार, 8 अप्रैल को बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम चांपा, लवन अंतर्गत ग्राम डमरु, पलारी अंतर्गत ग्राम देवसुंद्रा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम जरहागांव, सिमगा अंतर्गत ग्राम करहुल, सुहेला अंतर्गत ग्राम जरौद, कसडोल अंतर्गत ग्राम मोहतरा, 9 अप्रैल को तहसील लवन अंतर्गत ग्राम नवापारा, पलारी अंतर्गत ग्राम मुड़पार, भाटापारा अंतर्गत ग्राम धुर्राबांधा, कसडोल अंतर्गत ग्राम छरछेद, टुण्डरा अंतर्गत ग्राम गिधौरी, सोनाखान अंतर्गत ग्राम चांदन, 10 अप्रैल को लवन अंतर्गत ग्राम अमलकुंडा, पलारी अंतर्गत ग्राम खरतोरा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम कोसमंदा, कसडोल अंतर्गत ग्राम कोट, सोनाखान अंतर्गत ग्राम बया, 10 अप्रैल को लवन अंतर्गत ग्राम अमलकुंडा, पलारी अंतर्गत ग्राम खरतोरा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम कोसमंदा, कसडोल अंतर्गत ग्राम कोट, सोनाखान अंतर्गत ग्राम बया, 13 अप्रैल को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम कोकड़ी लवन अंतर्गत ग्राम ताराशिव ,पलारी अंतर्गत ग्राम कुसमी, भाटापारा अंतर्गत ग्राम खम्हरिया, सिमगा अंतर्गत ग्राम संजारीनवागांव, सुहेला अंतर्गत ग्राम फरहदा, कसडोल अंतर्गत ग्राम खर्री, टुण्डरा अंतर्गत ग्राम मटिया एवं 15 अप्रैल को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम ढनढनी, लवन अंतर्गत ग्राम खम्हारडीह, पलारी अंतर्गत ग्राम अमेरा, भाटापारा अंतर्गत ग्राम टोनाटार, कसडोल अंतर्गत ग्राम देवरीकला, टुण्डरा अंतर्गत ग्राम नरधा में शिविर आयोजित होंगे।

## रामायण सम्मेलन में राम शबरी मिलन का किया बखान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखण्ड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आशा मानस मंडली बिलासपुर, वैष्णव मानस मंडली मुण्डा, दुर्गा मानस मंडली लवन, जय चतुर्भुजी मानस मंडली कोराली धमतरी, चन्द्रपुर चंद्रहासिनी मानस मंडली सारंगढ़ एवं छत्तीसगढ़ मानस मंडली बलौदी मानस मंडली के टीकाकारों ने श्रद्धालुओं को राम शबरी मिलन की कथा सुनाई। श्रीराम के संपूर्ण वनवास काल में अरण्यकांड का अतिमहत्वपूर्ण स्थान है। चित्रकूट से आगे बढ़ते हुए राम, लक्ष्मण व सीता पंचवटी को अपना नया निवास स्थान बनाया। वाल्मीकि रामायण व तुलसीदास की रामचरितमानस के अरण्यकाण्ड में न केवल ज्ञान व भक्ति की महिमा अद्भुत है। सीता के हरण के कारण राम का सीता वियोग उनके भक्तों के लिए भी हृदयविदारक है। श्रीराम अरण्य में ज्ञान व भक्ति रस के नये-नये रूप अपने भक्तों को दिखाते हैं और स्वयं भी संतों व ऋषियों के पास पहुंचकर पाप का नाश करने के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है। रामचरितमानस के अरण्य सोपान के अंतिम भाग में राम-शबरी का मिलन होता है। यह भेंट भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म में कोई साधारण मिलन नहीं है। एक भक्त का अपने भगवान के प्रति अटूट विश्वास व आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है। सभी मानस मंडलियों को श्रीराम फोटो फ्रेम एवं रामटोकरी श्रीफल भेंट किया गया।

## छात्रों को शोध की मूल अवधारणा, विषय चयन, उद्देश्य निर्धारण की दी जानकारी



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए लघु शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में शामिल शोध प्रविधि एवं लघु शोध-प्रबंध की संपूर्ण प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय तथा विभागीय प्राध्यापकों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर डॉ. भारतीय के शोध-निर्देशन और मार्गदर्शन में एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शोध की मूल अवधारणा, विषय-चयन, उद्देश्य-निर्धारण, रूपरेखा-निर्माण, तथ्य-संग्रह, विश्लेषण और निष्कर्ष तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यशाला में सर्वप्रथम डॉ. कलमरेखा ने शोध की आवश्यकता और उसकी बौद्धिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "शोध की जिज्ञासा मनुष्य के भीतर शैशवावस्था से ही विद्यमान रहती है।" उन्होंने शोध समस्या के निर्धारण से लेकर उसके चरणबद्ध अध्ययन, तथ्यों के मूल्यांकन, विश्लेषण तथा समस्या-समाधान कौशल के विकास पर विस्तार से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. जीवन चंद्राकर ने शोध कार्य की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं तकनीकी साधनों के व्यावहारिक उपयोग के माध्यम से शोध कार्य में नवाचार और गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का एक महत्त्वपूर्ण भाग विद्यार्थियों की सहभागिता रहा, जिसमें छात्रों ने अपने चयनित लघु शोध-प्रबंध विषयों जैसे स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, वृद्ध विमर्श आदि पर अपने शोध का उद्देश्य, स्वरूप एवं रूपरेखा प्रस्तुत की।

# महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम मचेवा स्थित शैक्षणिक संस्थान महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि डाइट के व्याख्याता किरण कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे सुभाष पांडेय एवं संदीप शर्मा द्वारा कराया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व एवं उसके परिणामों की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की तथा जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षानुसार नहीं रहा, उन्हें भी निराश न होकर आगे बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि किरण कन्नौजे ने विद्यार्थियों को परीक्षा एवं उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उपरांत शिक्षिका रेखा तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्वयं रचित कविता प्रस्तुत की, जिसे सुनकर उपस्थित अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रसन्न हुए। अनीता ग्वाल ने भी छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हिंदी नंदकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता वाणिज्य गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाया गया, जिसे कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों कृति, लिशी, राखी, ज्योतिका, अनन्या, लुविना, नियति, ज्योत्सना, साक्षी, अदिति,मीत, समीर एवं निखिल द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र कुमारी दीप माला बर्मन द्वारा बनाया गया था।




कक्षा ग्यारहवी (विज्ञान संकाय) में प्रथम राधिका यादव 96.8 प्रतिशत, द्वितीय अन्तरा चंद्राकर 91.2, तृतीय राखी यादव 87.4, कक्षा ग्यारहवी (वाणिज्य संकाय) में प्रथम ख़ुशी पाण्डेय 86.6, द्वितीय अंकिता कन्नौजे 83.6, तृतीय समीर देवदास 87.4, कक्षा नवमी प्रथम साक्षी महोबिया 96.33, द्वितीय डॉली सिंहा 95.83, तृतीय हितेश यादव 95.5, कक्षा सातवीं में प्रथम आलिया सेवई 95.86, द्वितीय एनिमा अग्रवाल 94.29, तृतीय ओजल साहू 92.43, कक्षा छठवीं में प्रथम आदर्श भाई 99.14, द्वितीय पूर्वी साहू 97.79, तृतीय गरिमा चमन साहू 92.4, कक्षा चौथी में प्रथम संस्कार नारंग 99.3, द्वितीय तेज कुमार साहू 98.9, तृतीय सोनम साहू 98.6, कक्षा तीसरी में प्रथम गीतांजलि साहू 99.5, द्वितीय आलिया साहू और महक साहू 99.4, तृतीय वंशिका गायकवाड 99.3, कक्षा दूसरी में प्रथम नेमेश साहू 99, द्वितीय लक्ष्य दीवान और कुमकुम साहू 98, तृतीय पूर्वी चंद्राकर 97.8, कक्षा केजी 2 में प्रथम अनन्या ध्रुव, लिपिका साहू और पूर्वी धीवर 99.7, द्वितीय मोक्षिता चंद्राकर और त्रिशिका दीवान 99, तृतीय तिक्षिका यादव और दुष्यंत साहू 98.7, कक्षा केजी 1 में प्रथम दिव्यांश कुमार साहू 99.4, द्वितीय तोशिका देवांगन 98.8, तृतीय समृद्धि सिंहा 98.5, कक्षा नर्सरी में प्रथम आर्या यादव 100, द्वितीय अवांशी यादव 99.6, तृतीय अदिति भोई 99.2 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण रहे।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद दो आरोपी पकड़े गए

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सब्जी मंडी के पास से दो लोगों के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सब्जी मंडी के पास कच्ची रोड बागबाहरा से आरोपी हीरा लाल नेताम पिता ताराचंद नेताम (37 वर्ष) एवं रूपलाल यादव पिता मंटू लाल यादव (25 वर्ष) के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब 3200 रुपए, स्कूटी को बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब बरामद महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम खेमड़ा में तालाब के पास एक महिला के कब्जे से बसना पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी महिला जीनी पाईक पति बिन्याबीन पाईक (59 साल) वार्ड नं 03 नायकपारा बसना के कब्जे से करीबन 20 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### तुमगांव में माता कर्मा जयंती महोत्सव आज

**महासमुंद।** तुमगांव में नगर साहू समाज द्वारा 31 मार्च मंगलवार को दुकान चौक के पास संत शिरोमणी माँ कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा 3 बजे एवं अतिथि सम्मान 07 बजे होगा। वहीं शाम 6 बजे से लोक प्रयाग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यकम के मुख्य अतिथि ढालूराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ महासमुंद, अध्यक्षता ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, विशेष अतिथि धरमदास साहू पूर्व जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ, देवेश साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, ललित साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ महासमुंद, बलरामकांत अध्यक्ष नपं तुमगांव, निखिलकांत अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, गोपा मोती साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, संतोष साहू अध्यक्ष भोरिंग तुमगांव, भुनेश्वर साहू पार्षद नपं तुमगांव, गौरी थानू साहू पार्षद नपं तुमगांव होंगे।

## पेज 9 के शेष

### शादी का झांसा...

द्वारा आनन-फानन में युवती को प्राथमिक उपचार के लिए कसडोल ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्भाग्यवश, उपचार के दौरान 1 फरवरी को युवती ने दम तोड़ दिया।

### पुलिस चेकिंग में ...

करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते हुए 5 व्यक्तियों को भी पकड़ा, जिनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

### भगवान परशुराम ...

टेकराम पाण्डेय, शीला शुक्ला, दीपक तिवारी, ऋषभ चौबे, राकेश त्रिपाठी, वीरनारायण उपाध्याय, रामेश्वर मिश्रा, कैलाश तिवारी, भीखम द्विवेदी, प्रगति तिवारी, ज्योति मिश्रा, सुनीता तिवारी, पिंटू शर्मा, मिथलेश तिवारी, आश्विक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण मातृशक्ति उपस्थित रही।

# एलपीजी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में एल.पी.जी., डीजल, पेट्रोल एवं अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति वितरण व्यवस्था पर सतत मॉनिटरिंग करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कंट्रोल रूम स्थापित कर संपर्क केंद्र का नंबर 9201899925 जारी किया गया है, जहां नागरिक गैस पेट्रोल डीजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।

जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले की 20 गैस एजेंसियों पर सीसीटीवी से निगरानी

### 44 सिलेंडर जब्त

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित 20 गैस एजेंसी में सीसीटीवी के माध्यम से भंडारण और वितरण की समीक्षा की जा रही है कहीं भी गैस पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर किल्लत नहीं है। जिले में खाद्य विभाग द्वारा घरेलू गैस के दुरुपयोग से संबंधित 13 प्रकरण दर्ज कर 44 सिलेंडर जब्त किया गया है।खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग कालाबाजारी और जमाखोरी के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार चलते रहेगा।




### 100 प्रतिशत ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया

आयल कंपनी के जिला नोडल अधिकारी अनूप पांडे ने बताया पहले सामान्य दिनों में प्रतिदिन 2500 सिलेंडर की बुकिंग होती थी अब यह बढ़कर 4000 सें 5000 हो गया है। जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला के 1.89 लाख कनेक्शनधारी है, जिनमें से अधिकांश पहले साल या छह माह तक रिफिल नहीं कराते थे अचानक से उनकी बुकिंग आना शुरू हो गया जो जमाखोरी या कालाबाजारी की ओर इंगित करती है। गैस कंपनी के अधिकारी प्रवीण देवगड़े ने बताया कि जिस गैस कंपनी में भीड़ है वो केवाईसी के कारण है बिना केवाईसी के भी गैस नहीं दिया जा रहा। गैस डिलीवरी को 100 प्रतिशत ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है।

नोडल अधिकारी के द्वारा एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति वितरण व्यवस्था पर सतत मॉनिटरिंग किया जाएगा। साथ ही इस सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी किया जाएगा। प्रतिदिन की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी देनी होगी। इसी तरह सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिये जिला स्तरीय टीम का भी गठन किया गया है जिसमें अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा क्षत्री, उप संचालक डी. एस. सिदार शामिल है। सोशल मीडिया में भ्रामक या फेक न्यूज पर निगरानी राखी जाएगी एवं सम्बन्धित पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## आयोजन : गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक महाअधिवेशन और सम्मान समारोह

# कुर्मी समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और एकता का उदाहरण दिया है : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय वार्षिक महाअधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भाटापारा के छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामाजिक मुख्यालय देवरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामजानकी मंदिर में अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के साथ हुआ। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज की एकता और समर्पण को देखकर मैं अत्यंत गौरवान्वित हूं। समाज के विकास के लिए मैं हमेशा आपके साथ हूं। हमारे समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मैं आशा करता हूं कि समाज इसी प्रकार एकजुट होकर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने श्री रामजानकी



मंदिर प्रांगण सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख की घोषणा की। धरमलाल कौशिक ने कहा, समाज के बंधुओं के बीच एकता और समृद्धि देखना हमारा सौभाग्य है। समाज के विकास के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान देना होगा। ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 20 लाख की घोषणा की।

नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा, समाज के विकास के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। हमें अपने समाज की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना होगा।

जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा, समाज की एकता और समर्पण ही हमारी शक्ति है। हमें अपने समाज के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा।

कार्यक्रम में शासकीय सेवा में पदस्थ हुए समाजिकजनों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन केंद्रीय सचिव दिनेश वर्मा और सहसचिव नोखेलाल वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष देवचरण वर्मा, कार्यक्रम के सभापति हरबंश गौटिया, राजप्रधान कृष्णकुमार वर्मा, गणेशराम वर्मा, दीपक कौशिक, मोतीराम वर्मा, रामगोपाल वर्मा सलाहकार उतरा वर्मा, कोषाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, प्रबंधन समिति के सदस्य योगराज वर्मा, शिव कुमार गहवई, महेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, हीरा लाल वर्मा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शपथ ग्रहण में समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज वर्मा द्वारा महिला अध्यक्ष प्रीति वर्मा, युवा अध्यक्ष मुकेश वर्मा को शपथ दिलाई गई।

## मंत्री टंकराम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता मैनपाट यात्रा के लिए निकले



**हथबंद।** भाजपा सुहेला एवं नवापारा हथबंद मंडल के कार्यकर्ता कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में मैनपाट यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बूथ स्तर सदस्य उपस्थित थे। इनमें विशेष उत्साह देखने को मिला। रवाना होने के पश्चात सर्वप्रथम शासकीय महाविद्यालय सरगांव में विद्यार्थियों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की गई। मंत्री टंकराम वर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ नाश्ता कर यात्रा आगे बढ़ाई गई। यात्रा के क्रम में कटघोरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भेंट-मुलाकात हुई। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।इसके बाद रतनपुर स्थित मां महामाया देवी सिद्ध शक्ति पीठ पहुंचकर सभी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यात्रा की सफलता एवं क्षेत्र की समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक आस्था के इस पड़ाव ने यात्रा को और अधिक ऊर्जा प्रदान की। उदयपुर में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल से मंत्री टंकराम वर्मा ने आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया और संगठनात्मक एकता का परिचय दिया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर अपना परिचय दिया एवं संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रवास के दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं से सतत संवाद बनाए रखते हुए उनका हाल-चाल जाना और संगठन को और मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, आदि में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

नगर के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह 7 बजे से भगवान 1008 श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कराकर बाजे गाजे के साथ भगवान महावीर के जयघोष करते हुए जैन समाज के लोगों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो की गूंज गूंजते रहा। शोभायात्रा नगर भ्रमण पश्चात वापस मंदिर पहुंची, जहां भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा को वेदि में विराजमान कराकर विधि विधान से अभिषेक पूजन पाठ किया गया। भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य



राजेश जैन अधिवक्ता शांतिधारा मनीष जैन एवं राजेश जैन एवं संजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा में समाज के सभी लोग उपस्थित थे। भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव जैन समाज का महत्वपूर्ण पर्व है। जिसे भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान श्री महावीर स्वामी ने जगत को अहिंसा सत्य अपरिग्रह करूणा एवं दया भाव का उपदेश दिया, उनके उपदेशों को आत्मसात करने के लिए उनका जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाता है।

## छत्तीसगढ़ी शब्द संकलन कार्यशाला में मितान ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के हिंदी लोक शब्दकोश परियोजना द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा एवं लोकभाषा में अध्यापन कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत के विभिन्न भाषाओं के लोक शब्दों का संकलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ी के भी लोक शब्दों के संकलन के लिए संस्थान में 23 से 27 मार्च तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसके लिये छत्तीसगढ़ से पांच सदस्यीय टीम बनाई गयी थी। इसमें कचलोन सिमगा के साहित्यकार मनीराम साहू मितान ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा विशेषज्ञ के रूप भाग लेकर शब्द संकलन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ज्ञातव्य हो कि साहू द्वारा अभी तक छत्तीसगढ़ी में आठ



किताबें लिखी जा चुकी हैं तथा उनकी बाल कहानियां छत्तीसगढ़ के स्कूलों की लाइब्रेरी हेतु वितरित की जा चुकी हैं। श्री साहू के इस महती कार्य के लिए अंचल के साहित्यकार चोवाराम बादल, अजय अमृतांशु, जगदीश हीरा साहू, कन्हैया अमित, पोखन जयसवाल, रामकुमार साहू, डा. दिनेश उपाध्याय, घनश्याम देवांगन, सुनील सेन खिबीराम साहू, हरीराम वर्मा आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## बूथ स्तर को सशक्त बनाने जिला कांग्रेस ने ली बैठक

**बलौदाबाजार।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, बलौदाबाजार में बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ कमेटियों का गठन, बीएलए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति तथा वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को गति देना रहा, ताकि संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूती सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष



सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, शहर प्रभारी वैभव केशरवानी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर यदु, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे। बैठक में संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। नेताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी होगा। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मनीष वर्मा, संतोष तिवारी, लाकेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, नीरज बंधे, पार्षद डिगेश्वरी, रविंद्र नामदेव, सुरेश कुमार धृतलहरे, देवेंद्र बंजारे, सुभाष राव, जय नायक, हनी लहरे, राहुल नेगी, सुखदेव साहू, जय सिंह, भेनू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामनवमी पर नगर में निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

नगर में रविवार को रामनवमी पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्री राम माता सीता वीर हनुमान की झांकी रथ पर सवार होकर राम जानकी मंदिर ब्राह्मण पर से शोभायात्रा में नगर के हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें सभी महिलाएं पीली साड़ी के साथ व पुरुष वर्ग सफेद कुर्ती पजामा के साथ भगवा पगड़ी पहने अपने हाथों में तलवार लहराते निकले और जय श्री राम के जय घोष पूरे नगर भर चले। इस शोभायात्रा में डीजे धुमाल पर युवक-युवति नाचते गाते रहे। नगर भ्रमण के दौरान लोग अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजा कर भगवान श्रीराम के आने के इंतजार में पूजा की थाली लिए खड़े नजर आए। जैसे ही भगवान श्रीराम शोभायात्रा घरों के सामने पहुंची लोगों ने पूजा आरती की। शोभायात्रा राम जानकी मंदिर ब्राह्मण पर से



शीतला चौक साइ मंदिर गायत्री मंदिर होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां व्यापारी वर्ग भी भगवान श्रीराम से आशीर्वाद लेते दिखे फिर शोभायात्रा कृष्णा चौक से खान मोहल्ला होते हुए पुरानी हटरी गांधी चौक पहुंची। जहां युवा वर्ग के लड़कों ने जमकर जय श्री राम के नारेबाजी करते हुए दिखे और और डीजे की धुन पर खूब नाचते दिखाई दिए, फिर राम जानकी मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया। रंग मंदिर ब्राह्मण पारा के राम भक्तों द्वारा प्रसाद





स्वरूप भंडारे की व्यवस्था यादव धर्मशाला में रखी। इस शोभायात्रा को सफल बनाने में नगर के जनप्रतिनिधि व्यापारीगण, युवा वर्ग, महिला वर्ग के साथ-साथ भटगांव थाना पुलिस जवान भी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किये।

## अपराध विवेचना के लिए किया सम्मानित

# दो कर्मियों को मिला महीने का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में उत्कृष्ट एवं साहसिक कार्य, अपराध विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़ में प्रशंसनीय एवं अपना विशेष योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए माह मार्च-2026 में 2 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को महीने का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में चुना गया है।

प्रधान आरक्षक क्र. 110 धनंजय यादव थाना सुहेला- थाना सुहेला एवं हथबंद क्षेत्र में एक शातिर आरोपी द्वारा मोटरसाइकिल में लिफ्ट देने के बहाने अकेली महिलाओं से लूटपाट की घटनाओं



को अंजाम दिया जाता था। आरोपी द्वारा लिफ्ट देकर महिलाओं को सुनसान इलाके में ले जाकर धारदार हथियार दिखाते हुए सोने चांदी के जेवर एवं नगदी लूट लिया जाता था। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला एवं हथबंद में कुल 4 अपराध पंजीबध्द किए गए थे। धनंजय यादव द्वारा कथक लगन, मेहनत एवं प्रयास कर, मजबूत एवं प्रभावी सूचना तंत्र का परिचय देते हुए ना केवल आरोपी का पता लगाया बल्कि आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया गया, जिसके फलस्वरुप प्रधान आरक्षक धनंजय यादव को माह 3 के लिए महीने का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में सम्मानित किया गया।

आरक्षक क्रमांक 645 जियन वर्मा थाना पलारी में 14 मार्च को क्षेत्र के ग्राम कुकदा में खेतों में लगी आग ने विकराल रूप धारण करते हुए एक झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें 3 साल की एक मासूम बच्ची फंस गई। इस दौरान थाना पलारी में पदस्थ आरक्षक जियन वर्मा द्वारा अत्यंत साहस एवं कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए आग की लपटों के बीच पहुंचकर 3 वर्षीय बच्ची को सकुशल बाहर निकालकर उसकी जान बचाया गया, जिसके फलस्वरूप आरक्षक जियन वर्मा को माह मार्च के लिए महीने का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में सम्मानित किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जूडो खिलाड़ी चंद्र प्रकाश का गोवा के लिए चयन



**भाटापारा।** श्री शंकराचार्य विद्यापीठ के जूडो खिलाड़ी चंद्र प्रकाश यादव का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा गोवा के लिए हुआ है, जो ट्रेनिंग कैंप में रहकर जूडो के लिए अपनी तैयारी करते रहेंगे। साथ ही गांव टिकुलिया को गौरांवित किया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश व देश का प्रतिनिधित्व करेंगे भारतीय खेल प्राधिकरण साईं का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कैंप है, जिसमें विद्यार्थी अपने खेल को उत्कृष्ट बनाने के लिए लगातार मेहनत और प्रशिक्षणकरते प्राप्त करते हैं। यह छत्तीसगढ़ राज्य के साथ भाटापारा बलोदाबाजार जिले के लिए भी गर्व का विषय है कि इस तरह का चयन शंकराचार्य विद्यापीठ के छात्र का जूडो जैसे खेल के लिए चयन किया गया है। छात्र पूर्व में भी राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जूडो का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुका है।

### नगर में उर्स मेले का आयोजन कल

**भाटापारा।** इस वर्ष भी हजरत बाबा सय्यद अहमद शाह रहमतुल्लाह अलेह का 61वां सालाना उर्स मेले का आयोजन होगा। बुधवार 1 अप्रैल शाम 7 बजे से लंगर की व्यवस्था व रात 9 बजे मशहूर कव्वाल गुलाम वारिस (दिल्ली) का कव्वाली प्रोग्राम होगा। उर्स प्रोग्राम के मौके पर मुख्य अतिथ मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, अध्यक्षता पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा विशेष अतिथि अध्यक्ष हज कमेटी प्रदेश छ.ग. मिर्जा एजाज बेग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राइस मिल. एसो. फिल्म संगठन योगेश अग्रवाल, नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर, दिलीप छाबड़िया उपस्थित रहेंगे।

### नवोदय में संजीव का चयन ग्रामीणों ने जताया हर्ष



**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में अध्ययनरत संजीव पिता आनंद वर्मा निवासी अर्जुनी का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश में चयन होने पर ग्रामीणों और परिजनों में हर्ष है। शिवम शुक्ला एवं संदीप वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रतनलाल वर्मा सहित गांव के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा आज से

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी के रामायण चौक में स्व. भूखीराम साहू, स्व. डेरहीन बाई साहू स्व. कलानाथ साहू, स्व. बसंती बाई साहू, संदीप साहू, भुपेश्वरी साहू, ऐश्वर्य साहू, दुर्गेश्वरी साहू, अवधेश साहू, प्रशांत देव साहू के तत्वावधान में नौ दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 31 मार्च से 8 अप्रैल तक किया गया है। वेद व्यास पर कथा वाचिका प्रिया किशोरी उपासना पांडे वृंदावन द्वारा दोपहर 2 बजे से हरी इच्छा तक कथा प्रसंग का वाचन किया जाएगा। प्रथम दिवस कलश यात्रा, पूरान महात्म एवं बेदी पूजा की जाएगी, द्वितीय दिवस नारद कथा एवं दान यज्ञ कथा, तृतीय दिवस पार्वती कथा शिव पार्वती विवाह, चतुर्थ दिवस गणेश कार्तिक विवाह, पंचम दिवस ब्रह्मा विष्णु संवाद एवं शिवलिंग पूजा,छठे दिवस संध्या देवी, सती चरित्र,सप्तम दिवस गणेश कार्तिक जन्म एवं त्रिपुरासुर वध अष्टम दिवस 12 ज्योतिर्लिंग का वर्णन एवं नवमे दिवस पूर्ण आहुति हवन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा द्वारा शिव महापुराण कथा का कथा सुनने की भक्तजनों से अपील की गई है।



### आपसी विवाद में मारपीट दो युवकों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक बदमाश तथा उसके साथियों के खिलाफ दो अलग-अलग युवकों ने मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामनगर निवासी चंद्रशेखर ध्रुव ने आर्यन, डब्बू सारथी एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते पेट पर चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है।

**स्वागत : विकास के मुद्दों पर केंद्र सरकार की योजनाओं का किया उल्लेख**

# राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का हिरमी-कुथरौद में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के प्रथम बलौदाबाजार आगमन पर मोहरा सहित हिरमी - कुथरौद में भी स्वागत किया गया। प्रथम मोहरा आगमन पर आयोजित सभा में विकास के मुद्दों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश में वास्तविक विकास की परिभाषा भाजपा सरकार के आने के बाद ही स्थापित हुई है।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बलौदाबाजार जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां से पहली बार राज्यसभा सांसद का निर्वाचन हुआ है। उन्होंने लक्ष्मी वर्मा को जिले का गौरव बताते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राणनाथ वर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद का केक काटकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति बाघमार,तारणी राजपूत हिरमी,सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, अनुपम अग्रवाल, दौलत रामपाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा मोहरा सरपंच तारणी वर्मा सरपंच प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, उप सरपंच चंदन लाल डहरिया, परशु राम यादव, भालेसुर क्रे पूर्व सरपंच संतनदास बांधे, बरडीह से भागीवर्मा ललित वर्मा, राजेश वर्मा प्राण नाथ वर्मा, रामकुमार वर्मा, हरिश्चन्द्र वर्मा, बरडीह से ललित वर्मा, परसवानी से कोपराम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, शिव कटरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, संतोष वर्मा, तुकेन्द्र वर्मा, संदीप वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, छत्रधारी वर्मा, बोधराम वर्मा, संतराम वर्मा, द्वारिका वर्मा, चंडी राजेश वर्मा, डॉ हेमंत साहू, खम्भन बघमार, नवीन वर्मा, सरपंच भालेसूर टकेश्वर वर्मा, रामकुमार वर्मा, मनीष वर्मा, गिरधारी वर्मा, त्रिलोचन प्रसाद वर्मा सहित ग्रामीण एवं पंच उपस्थित थे।

## आवास, शौचालय और उज्ज्वला योजना की उपलब्धियां गिनाई



### देश विश्व में एक नई पहचान बनाएगा

उन्होंने कहा कि इसी विकास की गति को बनाए रखते हुए वर्ष 2047 तक भारत की स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी और देश विश्व में एक नई पहचान बनाएगा। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करने और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने का भरोसा भी दिलाया।

### देश में विकास की गंगा बह रही है

उन्होंने कहा कि आज देश में विकास की गंगा बह रही है और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है।श्रीमती वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले जिन घरों में शौचालय नहीं थे, वहां आज सुलभ शौचालय उपलब्ध हैं। जिन गरीब परिवारों के पास पक्का घर नहीं था, उन्हें आवास योजना के तहत घर दिए गए हैं। साथ ही उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

## सर्व कुर्मी समाज ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से की मुलाकात

**मुंडा।** सर्व कुर्मी समाज के लोगों ने बलौदाबाजार महामाया मंदिर के सामने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता व पुष्प माला से सम्मानित किया। इसमें शामली सर्व कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर, मोतीलाल वर्मा, मनवा कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोरस राम कश्यप, हेमंत टिकरिहा, परगिया कुर्मी समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष रामावतार वर्मा, छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, लोकपाल, पारस वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, महेंद्र कश्यप, रामकृपाल वर्मा सहित भारी संख्या में कुर्मी समाज के लोग शामिल थे।





## राज्यसभा सांसद के स्वागत में निकाला वाहनों का काफिला

**सुहेला।** नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के प्रथम सुहेला आगमन पर सोमवार को क्षेत्रभर में जोशीला स्वागत किया गया। सुहेला क्षेत्र के मोहरा, हिरमी, भटभेरा, पड़कीडीह, चंडी सहित अनेक गांवों में हजारों की संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

स्वागत के दौरान सैकड़ों दोपहिया एवं 70 से अधिक चार पहिया वाहनों का लंबा काफिला आकर्षण का केंद्र रहा, जिससे आयोजन शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी नजर आया। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा एवं अनुपम अग्रवाल के नेतृत्व में युवाओं की मोटरसाइकिल रैली काफिले के अग्रभाग में रही, जिसने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।इस अवसर पर किसान युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने कहा कि युवा वर्ग भाजपा की रीढ़ है और लक्ष्मी वर्मा के स्वागत में युवाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### समस्याओं के समाधान के लिए होंगे ठोस प्रयास

राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा, सांसद बनने से मैं बड़ी नहीं हुई हूं, हम सभी पहले की तरह मिलजुलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सम्मान को बढ़ाने के प्रयासों में सहयोग का अवसर मिलने को सौभाग्य बताया और अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु पूर्ण निष्ठा का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि सड़क एवं सिंचाई जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर वे पूर्व में भी संघर्षरत रही हैं और अब राज्य में अपनी सरकार होने के कारण इन समस्याओं के समाधान हेतु ठोस प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं को राज्यसभा में प्रभावी ढंग से उठाने का भरोसा भी दिलाया। गौरतलब है कि लक्ष्मी वर्मा पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय रही हैं, जिसके चलते ग्रामीणों में उनके प्रति विशेष लगाव देखने को मिला। उनका गृह ग्राम सुहेला ब्लॉक के मुड़पार में होने के कारण स्थानीय स्तर पर उत्साह चरम पर रहा।



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलु जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति बघमार, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, नेम सिंह बघमार, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, संतोष नायक, कीर्ति वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, करण वर्मा, दिनेश चवरे, युगल किशोर वर्मा, बलकरण सिंह ठाकुर, सरपंच मोंगरा देवांगन, तारिणी जवाहर वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिले में राजस्व पखवाड़ा 1 अप्रैल से जून तक चलेगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अप्रैल, मई और जून माह में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन करें।

इस शिविर में छोटे छोटे राजस्व प्रकरण, सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि के लिए आम जनों को भटकना न पड़े। साथ ही इस राजस्व शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार कोटवारों के माध्यम से मुनादी करके करने के निर्देश दिए ताकि जिस दिन शिविर हो, वहां स्थानीय लोग इसका लाभ लेते हुए अपने राजस्व मामलों का अधिक से अधिक मात्रा में निराकरण करा सकें।

डॉ. कन्नौजे ने जिले में अवैध खनिज और रेत परिवहन और भंडारण पर सयुंक्त टीम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला दण्डाधिकारी ने गढ़ चौक के पास अवैध निर्माण करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। वहीं आगामी माह में 3 माह का राशन आने वाला है, उसके लिए खाद्य अधिकारी को पीडीएस राशन दुकान में पर्याप्त तैयारी करने के निर्देश दिए।

> ■ 1 से 15 अप्रैल, 4 से 18 मई और 1 से 15 जून तक होगी राजस्व शिविर

बैठक में आयुष्मान, शहीद वीर नारायण आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, निर्माणाधीन जिला अस्पताल, नवीन कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सारंगढ़ और बिलाईगढ़, सामुदायिक हॉस्पिटल बिलाईगढ़, पीएम आवास, सोख्ता गड्ढा, बच्चों के पोषण आहार के लिए आधार कार्ड, स्वनिधि योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मल्टीविलेज पेयजल प्रगति, जनगणना, सरिया बस स्टैंड निर्माण, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, खाद बीज भंडारण आदि पर कलेक्टर ने अधिकारियो के साथ चर्चा कर समीक्षा की।

## विदाई समारोह में 8 वीं के छात्रों को उपसरपंच ने भेंट किए 21-21 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरगी में कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने सभा में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमकुमार देवांगन ने किया। उपसरपंच रोशन साहू द्वारा कक्षा 8वीं के सभी विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक 21-21 रुपए एवं एक-एक पेन भेंट किया गया। कक्षा 6वीं एवं 7वीं के विद्यार्थियों ने भी भेंट स्वरूप पेन प्रदान कर अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति स्नेह व्यक्त किया। समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को समूह फोटो की प्रति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। कक्षा आठवीं के बच्चों को मनोरंजक गतिविधियां कराई गई। सरपंच रामेश्वर लहरी एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य खिलावन साहू ने भी गतिविधि में भाग लेकर बच्चों को प्रेरित किया। प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ज्ञान गंगा महिला स्व-सहायता समूह की मातृ शक्तियों द्वारा बच्चों एवं अतिथियों के लिए स्वादिष्ट स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। कक्षा 7 वीं के विद्यार्थी आदित्य वर्मा के परिवार द्वारा विशेष रूप से करी लड्डू की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में उदेराम सेन, संतोष साहू, मालती वर्मा, माधुरी वर्मा, रमा ध्रुव, ऋषि वर्मा, एवं शिक्षकों में ईश्वर प्रसाद रजक, गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, भोजराम वर्मा, सत्यनारायण बंजारे, प्रेममाया ध्रुव तथा समन्वयक गिरीश वर्मा उपस्थित थे।



## रायपुर जिले में स्थानीय परीक्षाओं की शुरुआत, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**खरोरा।** रायपुर जिले में पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं के बाद अब दूसरी, तीसरी, चौथी तथा छठवीं–सातवीं कक्षाओं की स्थानीय परीक्षाओं की शुरुआत हो गई है, इसमें विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं संकुल समन्वयक कांत कुमार ने बताया कि सभी विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया गया है तथा परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए समुचित व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने भी बताया कि विद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही हैं तथा सभी शिक्षक विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।



## मोहरा में बह रही रामनाम की गंगा, भक्ति भाव से सराबोर हुआ माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ग्राम मोहरा में इन दिनों पांच दिवसीय रामायण पाठ जारी है। भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय बना है। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जिससे लीला चौक एक धार्मिक धाम का रूप ले चुका है। आयोजकों द्वारा बताया गया कि रामायण पाठ का समापन 1 अप्रैल बुधवार को होगा। इसके पश्चात 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान चालीसा, पूजा-पाठ, आरती एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठेगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

**महिलाओं और युवतियों की रही बड़ी भागीदारी**

# भागवत महापुराण यज्ञ के प्रारंभ पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम पंचायत सेल में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के पहले कीर्तन पार्टी के माध्यम से कलशयात्रा निकाली गई। सोमवार से धर्म कर्म शुरू हो गया, जिसमें महिलाओं एवं युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुई। बंधवा तालाब से जलभरकर श्रीमद्भागवत कथा स्थल तक पहुंचाया गया। शाम 5 बजे भव्य कलशयात्रा निकाली गई। 30 मार्च से 7 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। कथा वाचक आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय और परायणकर्ता छत्रपाल दुबे है। आयोजक सुबह 9 से 12 बजे तक शाम 4 से 7 बजे तक होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य यजमान अर्जुन प्रसाद साहू, सरोज साहू, नकुल प्रसाद साहू, चंचल साहू है। इस मौके पर टेंगन साहू, श्याम बाई साहू, संतोष कुमार साहू, मीना बाई साहू, सहदेव साहू, हीरा बाई साहू, मुकेश कुमार साहू, भूमिका साहू, संतोषी साहू, संतलाल साहू, सावित्री साहू, कमलेश कुमार साहू, भोजराम साहू, जोधू राम साहू, पीतांबर साहू, रामलखन साहू, सुरेश कुमार साहू, डीगेस साहू, टीशैल साहू, खिलेश कुमार साहू, दिनेश कुमार साहू, प्रियांशु साहू, लक्ष्मी साहू, विजयलक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी शामिल हुए।





online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411